# Hindi Murli Quiz 20-08-2015

.

*Q.1)* **Q. कृपया निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें ---**
**“मीठे बच्चे, जैसे बाप गाइड है, ऐसे गाइड बन सबको घर का रास्ता बताना है, अंधों की ---------बनना है"**

- लाठी
- लाती
- लाथी
- LAATHI
- LAATHEE

*Q.2)* **Q. “ यह बना बनाया अनादि ड्रामा है इसमें न तो कोई एक्टर एड हो सकता है, न कोई कम हो सकता है। मोक्ष किसी को भी मिलता नहीं। कोई कहे कि हम इस आवागमन के चक्र में आयें ही नहीं, बाबा कहते- हाँ, कुछ समय के लिए लेकिन पार्ट से कोई बिल्कुल छूट नहीं सकते। यह ड्रामा का राज तुम बच्चे ही जानते हो।“**

A. True
B. False

*Q.3)* **Q. “ जो-जो जिस धर्म का है फिर उस धर्म में जाने वाले हैं। बौद्धी वा क्रिश्चियन आदि इच्छा करें हम -------- में जायें, परन्तु जा नहीं सकते। जब उनका धर्म स्थापक आता है तब ही उनका पार्ट है।”**

**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें –--**
**[स्वर्ग, शान्तिधाम, सूक्ष्म-वतन ]**

A. स्वर्ग
B. शान्तिधाम
C. सूक्ष्म-वतन

*Q.4)* **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही जोड़ें ---**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | सारी दुनिया के मनुष्य मात्र इस समय नास्तिक हैं अर्थात् | बेहद के बाप को न जानने वाले हैं। |
| B | कहते हैं बुद्ध निर्वाण गया, परन्तु बाप समझाते हैं कि जाता कोई भी नहीं है, | नाटक से निकल ही नहीं सकते, मोक्ष पा नहीं सकते। |
| C | हर एक पार्टधारी आत्मा का जब पार्ट आयेगा तब ही आयेगी, | यह ड्रामा का राज सिवाए तुम बच्चों के और कोई नहीं जानते। |
| D | जिसकी भक्ति करते उनकी बायोग्राफी को जानना चाहिए। | तुम बच्चे अभी सबकी बायोग्राफी जानते हो बाप के द्वारा। |

*Q.5)* **Q. “तुम मातायें सारे विश्व का उद्धार करती हो। तुम्हारे लिए जरूर नई दुनिया चाहिए। पुरानी दुनिया का विनाश चाहिए। शरीर निर्वाह अर्थ धन्धा आदि भी करना है। माताओं को तो फुर्सत रहती है। मेल्स की बुद्धि धन्धे आदि तरफ चक्र लगाती रहती है, इसलिए बाप ने कलष भी माताओं पर रखा है। यहाँ तो स्त्री को कहते हैं कि पति ही तुम्हारा ईश्वर गुरू सब कुछ है। तुम उनकी दासी हो। अभी फिर बाप तुम माताओं को कितना ऊंच बनाते हैं।“**

A. True
B. False

*Q.6)* **Q. केवल सही वाक्य ही चयन करें ---**

A. तुम बच्चे जानते हो हम बेहद के बाप से बेहद सुख का वर्सा लेते हैं अर्थात् मनुष्य से देवता बनते हैं।
B. गरीब दु:खी बहुत हैं, जो सुखी हैं वह भी स्थाई सुखी नहीं। अगर सुख होता तो क्यों कहते कि यह काग विष्टा समान सुख है।
C. बेहद का बाप तुमको विश्व का मालिक बनाते हैं, सो भी गोल्डन एजेड विश्व का। यह है आइरन एजेड विश्व।
D. तुम्हारे पास वहाँ सोना ही सोना होता है। यहाँ कौड़ियाँ, वहाँ हीरे होंगे। इसको कहा जाता है आइरन एज।
E. भारत ही अविनाशी खण्ड है, कभी विनाश नहीं होता। भारत है सबसे ऊंच ते ऊंच।

*Q.7)* **Q. “कोई-कोई बाबा से पूछते हैं-आवागमन से छूट सकते हैं? बाबा कहते हैं-हाँ, लेकिन कुछ समय के लिए। तुम बच्चे तो आलराउन्ड आदि से अन्त तक पार्ट बजाते हो। दूसरे जो हैं वह मुक्तिधाम में रहते हैं। उनका पार्ट ही थोड़ा है। वह स्वर्ग में तो जाने वाले हैं नहीं। आवागमन से मोक्ष उसको कहेंगे जो पिछाड़ी को आये । ज्ञान आदि सुन न सकें। सुनते वही हैं जो शुरू से अन्त तक पार्ट बजाते हैं। कोई कहते हैं-हमको तो यही मुक्तिधाम पसन्द है। हम वहाँ ही बैठे रहें। ऐसे थोड़ेही हो सकता है। ड्रामा में नूँधा हुआ है, जाकर पिछाड़ी में आयेंगे जरूर। बाकी सारा समय शान्तिधाम में रहते हैं।“**

A. True
B. False

*Q.8)* **Q. धारणा पर आधारित इस प्रश्न में केवल सही वाक्य ही चयन ही चयन करें ---**

- **A.** ☑ सच्चा-सच्चा ब्राह्मण बन सबको ज्ञान अमृत पिलाना है।
- **B.** ☐ सबको काम चिता पर बिठाना है।
- **C.** ☑ शरीर निर्वाह अर्थ धन्धा आदि सब कुछ करते पतित से पावन बनने के लिए बाप की याद में रहना है।
- **D.** ☑ सबको बाप की याद दिलाना है।

**Explanation:** सबको ज्ञान चिता पर बिठाना है।

*Q.9)* **Q. “जब किसी भी प्रकार का पेपर आता है तो घबराओ नहीं, क्वेश्चन मार्क में नहीं आओ, यह क्यों आया? इस सोचने में टाइम वेस्ट मत करो। क्वेचन मार्क खत्म और फुल स्टॉप, तब क्लास चेंज होगा अर्थात् पेपर में पास होंगे। फुलस्टॉप देने वाला फुल पास होगा क्योंकि फुलस्टॉप है बिन्दी की स्टेज। देखते हुए न देखो, सुनते हुए न सुनो। बाप का सुनाया हुआ सुनो, बाप ने जो दिया है वह देखो तो फुल पास हो जायेंगे और पास होने की निशानी-सदा चढ़ती कला का अनुभव करते हुए सफलता के सितारे बन जायेंगे।”**

- **A.** ◉ True
- **B.** ○ False

*Q.10)* **Q.” स्वउन्नति करनी है तो क्वेश्चन, करेक्शन और कोटेशन का त्याग कर अपना ----------ठीक रखो।“**

**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें ---**

- **A.** ◉ कनेक्शन
- **B.** ○ योग
- **C.** ○ स्वभाव
- **D.** ○ संकल्प